आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 16.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– राज्य शासन ने सरकारी खर्चों में कटौती के लिए दिशा–निर्देश जारी किए–सरकारी अधिकारियों की विदेश यात्रा पर लगा प्रतिबंध–मंत्रियों के काफिलों की गाड़ियों में की जाएगी कमी।

2– केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल से तीन दिन के छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं–जगदलपुर में होने वाली मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक के साथ ही अनेक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

3– प्रदेश के जनजातीय गांवों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए अट्ठारह से पच्चीस मई तक "जन भागीदारी–सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान चलाया जाएगा।

और

4– राजधानी रायपुर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से सफाई व्यवस्था हुई प्रभावित।

...........

**<u>वित्त मंत्रालय–निर्देश</u>**

वित्त विभाग ने शासकीय खर्चों में मितव्ययिता और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्देश जारी किया है। इसके अनुसार सभी विभागों, संभागीय आयुक्तों, कलेक्टरों तथा विभागाध्यक्षों को सरकारी संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। वित्त

विभाग के सचिव डॉक्टर रोहित यादव द्वारा जारी इन निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। ये निर्देश आगामी तीस सितंबर तक प्रभावी रहेंगे।

निर्देशों के अनुसार मुख्यमंत्री, मंत्रिपरिषद, निगम–मंडल और आयोगों के पदाधिकारी के काफिले में केवल जरूरी वाहनों का ही उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा सभी सरकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही वाहन पूलिंग को बढ़ावा दिया जाएगा।

वहीं, अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर राज्य शासन के खर्च पर शासकीय सेवकों की विदेश यात्राओं पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आवश्यक होने पर मुख्यमंत्री की पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। भौतिक बैठकों के स्थान पर वर्चुअल और ऑनलाइन बैठकों को बढ़ावा दिया जाएगा। वहीं, शासकीय भवनों में ऊर्जा की बर्बादी रोकने के लिए आवश्यक उपाय किए जाएंगे।

## केन्द्रीय गृहमंत्री–छत्तीसगढ़ दौरा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल से उन्नीस मई तक छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे उन्नीस मई को बस्तर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की छब्बीसवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मध्यप्रदेष, उत्तरप्रदेष और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। बैठक की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री श्री साय ने कल मंत्रालय में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली और अधिकारियों को आवष्यक निर्देष दिए।

केन्द्रीय गृहमंत्री के दौरे को लेकर उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि डायल एक सौ बारह आपाकालीन सेवा का विस्तार किया जा रहा है। इसके तहत केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह अट्ठारह मई को रायपुर में चार सौ नये वाहनों का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री राज्य को एक नई फॉरेंसिक लैब और जांच के लिए तैंतीस सर्वसुविधा युक्त वाहनों की सौगात भी देंगे।

श्री शर्मा ने बताया कि बस्तर का नेतानार सुरक्षा केन्द्र पहला ऐसा सुरक्षा शिविर होगा, जिसे जनसुविधा केन्द्र के रूप में बदला जा रहा है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने बस्तर प्रवास के दौरान इस केन्द्र का उद्घाटन करेंगे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह के बस्तर प्रवास को लेकर आज जगदलपुर में कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री–सुशासन तिहार**

सुशासन तिहार के तहत आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जांजगीर–चांपा जिले के कोसला गांव पहुंचे और चौपाल लगाई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कोसला गांव में महतारी सदन और हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण की घोषणा की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री आज कोरबा जिले के लेमरू गांव भी पहुंचे और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही के नवनिर्मित आवास का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हितग्राहियों को अंशदान की राशि का चेक भी प्रदान किया।

**<u>छत्तीसगढ़–पेट्रोल/डीजल</u>**

राज्य शासन ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। ईंधन की वितरण व्यवस्था पर प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है।

इस बीच, रायपुर कलेक्टर ने पेट्रोल की ब्लैक मार्केटिंग को रोकने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है।

वहीं, सक्ती जिले में कलेक्टर ने डिब्बा और बोतलों में पेट्रोल–डीजल की बिक्री पर रोक लगा दी है।

**जन भागीदारी–सबसे दूर, सबसे पहले"–अभियान**

प्रदेश के जनजातीय गांवों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आगामी अट्ठारह से पच्चीस मई तक "जन भागीदारी–सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान प्रदेश के आठ हज़ार से अधिक गांवों में संचालित होगा। आदिम जाति विकास विभाग के इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जुड़े गांवों को शामिल किया गया है। रायपुर जिले को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, पोषण और पेयजल योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाएगा। अधिकारी गांवों में जन सुनवाई करेंगे और आदि सेवा केन्द्रों में शिकायतों का निराकरण होगा। इस दौरान सिकल सेल और टीबी जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएंगें।

**'द्वीप्ति योजना'–मंजूरी**

राज्य सरकार ने ग्रामीण महिलाओं को ऊर्जा क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए वर्ष दो हजार छब्बीस से दो हजार इकतीस तक की अवधि के लिए 'द्वीप्ति योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत गांवों में 'सोलर दीदी' तैयार की जाएंगी, जिन्हें सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना, संचालन और रखरखाव का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ये महिलाएं सोलर मिल, कोल्ड स्टोरेज और सिंचाई जैसी ऊर्जा सुविधाओं का संचालन करेंगी। योजना में क्लस्टर लेवल फेडरेशन को महिला ऊर्जा सहकारी समितियों के रूप में विकसित किया जाएगा। महासमुंद और

बस्तर के कुछ समूह पहले ही विक्रेता के रूप में पंजीकृत हो चुके हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम बताया है।

## सफाई–कर्मचारी हड़ताल

रायपुर में सफाई व्यवस्था संभाल रही कंपनी के कर्मचारियों का आंदोलन आज तीसरे दिन भी जारी रहा। हड़ताली कर्मचारियों ने आज दलदल सिवनी में उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस के जवानों और हड़ताली कर्मचारियों के बीच झूमाझटकी भी हुई।

कंपनी का आरोप है कि नगर निगम द्वारा करीब अठहत्तर करोड़ रूपए का भुगतान नहीं किया गया है। इस हड़ताल में कचरा गाड़ी चलाने वाले चालक भी शामिल हैं, जो वेतन बढ़ाने और समय पर भुगतान करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इन कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था बाधित हुई है।

## रिश्वत–कारावास

बलरामपुर–रामानुजगंज जिले की विशेष न्यायालय ने वाड्रफनगर के विकासखंड शिक्षा अधिकारी को रिश्वत लेने के मामले में दोषी ठहराते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा उन पर दस हजार रूपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह फैसला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सुनाया गया है। आरोपी को एंटी करप्शन ब्यूरो की अंबिकापुर शाखा ने बारह हजार रूपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

**जिले की चिट्ठी**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''खैरागढ़–छुईखदान–गंडई''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने के आसार हैं।

इस बीच, मानसून आज अंडमान सागर, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण पूर्वी बंगाल की खाड़ी में प्रवेश कर चुका है। इसके छब्बीस मई तक केरल पहुंचने की उम्मीद है।

**संक्षिप्त समाचार**

– राज्यपाल रमेन डेका ने कबीरधाम प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में आम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की अपील की।

–	आईपीएस अधिकारी अरूण देव गौतम को छत्तीसगढ़ का पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। गृह विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। राज्य सरकार ने करीब डेढ़ साल पहले उन्हें प्रभारी डीजीपी की जिम्मेदारी दी थी।

–	भारतीय जनता पार्टी ने जांजगीर–चांपा जिले के बम्हनीडीह नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए रमेश कुमार डडसेना और सूरजपुर जिले की शिवनंदनपुर नगर पंचायत के लिए रितेश जायसवाल को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

और

–	राजनांदगांव जिले के माड़ीतराई गांव में प्रशासन ने छापामार कार्रवाई कर करीब दो हजार तीन सौ बोरी खाद जब्त किया है। अधिकारियों ने खाद गोदाम को सील कर दिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>